कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग, बीकानेर

कमांकः– संनि/स्कू.शि./बीका/शै0प्र0/इन्सपायर अवार्ड/2019/ दिनांकः–

01. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय
माध्यमिक शिक्षा
बीकानेर/श्रीगंगानगर/हनुमानगढ़

02. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
बीकानेर संभाग, बीकानेर

विषयः:– इंस्पायर अवार्ड – मानक योजना की क्रियान्विति हेतु विज्ञान शिक्षकों की कार्यशाला आयोजन के संबंध में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के सम संख्यक आदेश क्रमांक 1140–43 दिनांक 04.07.2019 के क्रम में संभाग के समस्त ब्लॉक में कार्यरत् विज्ञान/सृजनशील शिक्षकों की एक दिवसीय इंस्पायर अवार्ड कार्यशाला का आयोजन दिनांक 09.07.2019 से 13.07.2019 तक किया गया ।

समस्त ब्लॉक से प्राप्त उपस्थिति प्रमाण पत्रों के अध्ययन से पता चलता है कि सभी ब्लॉक के कई विद्यालयों के शिक्षक कार्यशाला में भाग लेने के लिए उपस्थित नहीं हुए, अतएव संभाग के समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि कार्यशाला में अनुपस्थित संस्थाप्रधानों को **"कारण बताओ नोटिस"** जारी कर 03 दिवस में जवाब प्राप्त करें ।

जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक, बीकानेर/श्रीगंगानगर/हनुमानगढ़ को निर्देशित किया जाता है कि इंस्पायर अवार्ड कार्यशाला में भाग लेने से वंचित विद्यालयों के शिक्षकों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 24.07.2019 को अपने अधीन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए **जिला स्तर पर कार्यशाला** आयोजित कर प्रशिक्षण की व्यवस्था करें।

इस प्रशिक्षण में भाग नहीं लेने पर संबंधित संस्थाप्रधानों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

(देवलता)
संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग,बीकानेर

www.rajteachers.com

कमांकः– संनि/स्कू.शि./बीका/शै0प्र0/इन्सपायर अवार्ड/2019/1494 दिनांकः– 18.07.2019

01. निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर
02. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, बीकानेर
03. जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर
04. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बीआरसीएफ बीकानेर
05. संबंधित संस्थाप्रधान/कार्मिक

संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग,बीकानेर